2026HND205135

राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26

विषय-हिंदी (द्वितीय भाषा)

पूर्णांक-60

कक्षा-5

समय-$2\frac{1}{2}$ घण्टे

बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रश्न 1-5)

निर्देश- सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न-1 पन्ना धाय ने कहाँ के राजकुमार को बचाया था? (1)

(A) मेवाड़ (B) जयपुर

(C) मारवाड़ (D) अजमेर

प्रश्न-2 'सतारा स्टेशन' जाते समय डॉ. भीमराव अंबेडकर रास्ते में ताँगे से नीचे उतर गए क्योंकि - (1)

(A) ताँगा खराब हो गया था। (B) ताँगे का पहिया टूट गया था।

(C) उनको माता-पिता की याद आ गई थी। (D) उन्हें पैदल जाना था।

प्रश्न-3 रामगढ़ की रानी कौन थी? (1)

(A) अवंती बाई (B) लक्ष्मीबाई

(C) रानी पद्मावती (D) इंदिरा बाई

प्रश्न-4 'परवत' का शुद्ध रूप (वर्तनी) क्या है? (1)

(A) परवत (B) पर्वत

(C) प्रवर्त (D) पर्वर्त

प्रश्न-5 'चषकः अत्र अस्ति।' इस वाक्य में चषक : का अर्थ है - (1)

(A) घड़ा (B) लोटा

(C) बाल्टी (D) गिलास

रिक्त स्थान (प्रश्न 6-10)

निर्देश- नीचे दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न-6 पत्तल दोनों के बीच छिपा ______ था। (1)

प्रश्न-7 काकोरी कांड के बाद कई प्रमुख ______ पकड़े गए। (1)

प्रश्न-8 भारत भूमि कभी भी ______ से खाली नहीं रही है। (1)

प्रश्न-9 उज्जैन में लगने वाले कुम्भ मेले को ______ कहते हैं। (1)

प्रश्न-10 'मही' का अर्थ ______ है। (1)

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 11-16)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-11 शिवाजी ने सूबेदार की पुत्रवधू की तुलना किससे की थी? (2)

प्रश्न-12 ईश्वर में विश्वास रखने वाले व्यक्ति के लिए एक शब्द लिखिए। (2)

2026HND205135
2026HND205135
2026HND205135

theboardstudy.com

प्रश्न-13 पातालकोट की जनजाति के लोग किस फल के बीज के आटे से रोटी बनाते हैं? (2)

प्रश्न-14 'आँख दिखाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। (2)

प्रश्न-15 निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी समानार्थी शब्द लिखिए-
जरूरत, नुकसान (2)

प्रश्न-16 'रश्मि आम खाती है।' -वाक्य में क्रिया का कौन-सा प्रकार है? (2)

लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 17-22)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-17 ईश्वरचंद्र विद्यासागर पढ़ाई पूरी होने के बाद जो समय बचता था उसमें क्या करते थे? (3)

प्रश्न-18 धरती से हमें क्या-क्या प्राप्त होता है? (3)

प्रश्न-19 'नीति के दोहे' पाठ के अनुसार बिना प्रयास (उद्यम) के किसकी प्राप्ति नहीं होती? उदाहरण सहित लिखिए। (3)

प्रश्न-20 नीचे लिखे विरामचिह्नों का प्रयोग करते हुए वाक्य लिखिए-
1. विस्मय बोधक
2. पूर्ण विराम
3. योजक चिह्न (3)

प्रश्न-21 नीचे दिए गए अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

समय का सबसे कहना है, जीवन चलते रहना है।
इसको मत बर्बाद करो, सदा काम की बात करो।
फूल सदा मुस्काते हैं, हमको यह समझाते हैं।
जीवन हँसते रहना है, सुख-दुख को भी सहना है।
कर्म ही जिसकी प्रीत है, सत्य से जिसको प्रीत है।
अंत में उसकी जीत है, समय भी उसका मीत है।

(1) जीवन में हमेशा खुश रहने की बात कौन सिखलाता है?
(2) समय किसका मित्र है?
(3) वक्त का पर्यायवाची शब्द पद्यांश में से ढूँढकर लिखो। (3)

प्रश्न-22 फुले दंपति ने स्त्री शिक्षा के विकास के लिए क्या प्रयास किए? (3)

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 23-26)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-23 रम्मो और कल्लो के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है? (5)

प्रश्न-24 'मेरा नया बचपन' कविता का भाव संक्षेप में लिखिए। (5)

प्रश्न-25 अपने कक्षा अध्यापक को 3 दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। (5)

प्रश्न-26 किसी एक विषय पर 5 वाक्य लिखिए-
1. मेरा विद्यालय 2. गाय 3. दीपावली (5)

------xxx------

2026HND205135
2026HND205135
2026HND205135 2026HND205135 2026HND205135 2026HND205135 2026HND205135 2026HND205135
theboardstudy.com